उमस भरी गर्मी में अघोषित कटौती से उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा, पुलिस ने पहुंचकर कराया शांत, रात में जागकर बितानी पड़ रही रात

बिजली कटौती पर भड़के लोग, पावर हाउस घेरा

आक्रोश

रायबरेली, संवाददाता। उमस भरी गर्मी के बीच रोस्टिंग के नाम पर रातभर हो रही बिजली कटौती से जिलेभर में उपभोक्ता परेशान हैं। बुधवार रात इसको लेकर बछरावां के उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। बिशुनपुर पावर हाउस से जुड़े क्षेत्रों के सैकड़ों उपभोक्ताओं ने रात करीब 12 बजे पावर हाउस का घेराव कर दिया।

आक्रोशित लोगों ने विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रात में की जा रही कटौती तत्काल बंद करने की मांग की। पावर हाउस घेराव की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। बछरावां के बिशुनपुर उपकेंद्र से समोधा, राजामऊ, चुरूवा और जोहवाशर्की फीडरों को बिजली आपूर्ति होती है। इन फीडरों से करीब 50 हजार उपभोक्ता जुड़े हैं। उपभोक्ताओं के मुताबिक पिछले करीब एक सप्ताह से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की स्थिति लगातार खराब है। लो वोल्टेज के साथ हर घंटे ट्रिपिंग हो रही है। इसके बाद रोस्टिंग के नाम पर घंटों बिजली गुल रहने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। गर्मी और उमस के कारण रात में घरों के भीतर रहना मुश्किल हो रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले हर घंटे ट्रिपिंग से बिजली बाधित होती है और कुछ ही देर बाद रोस्टिंग शुरू हो जाती है। इस तरह बिजली आने-जाने का सिलसिला रातभर चलता रहता है। कई घरों में पंखे और कूलर तक ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। लो वोल्टेज के कारण पानी की मोटर, एसी, फ्रिज समेत अन्य विद्युत उपकरण भी प्रभावित हैं। वोल्टेज में लगातार उतार-चढ़ाव से उपकरण खराब होने का खतरा भी बना हुआ है।

व्यापार मंडल अध्यक्ष ओमिकि सोनी और उपभोक्ताओं विनीत द्विवेदी, शारदा प्रसाद दीक्षित, नवनीत व विजय शंकर ने बताया कि इन दिनों कई इलाकों में महज आठ से दस घंटे ही बिजली मिल पा रही है। दिन की गर्मी के बाद लोगों को रात में राहत की उम्मीद रहती है, लेकिन लगातार कटौती के कारण नींद तक पूरी नहीं हो पा रही है। उनका कहना है कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो रहा। अवर अभियंता राम नाथ ने बताया कि बिशुनपुर पावर हाउस से रोस्टिंग नहीं की जा रही है। 33 केवी पावर हाउस से ही आपूर्ति बाधित होने के कारण फीडरों में कटौती करनी पड़ रही है।

ऊंचाहार में कटौती के साथ अवैध वसूली का आरोप: बिजली कटौती और लाइन दुरुस्त करने के नाम पर संविदा कर्मचारियों पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए अरखा और आइमाजहनिया गांवों के करीब दो दर्जन महिला-पुरुषों ने बिजली घर का घेराव कर प्रदर्शन किया।

बछरावां में गुरुवार को घेराव कर रहे लोगों को समझाते अधिकारी।

सतांव में दिन-रात कटौती सैकड़ों गांव प्रभावित

सतांव। गुरुवख्शगंज क्षेत्र के पोरई और कृष्णपुर ताला उपकेंद्रों से बुधवार को दिन और रात में हुई कटौती से आम जनजीवन प्रभावित रहा। दिन में ओवरलोडिंग और फाल्ट के नाम पर तथा रात में रोस्टिंग व इमरजेंसी कटौती से उपभोक्ता परेशान रहे। रात में कई गांवों में बिजली गुल रहने से लोग उमस में परेशान रहे।

■ लो वोल्टेज व ट्रिपिंग से करीब 50 हजार उपभोक्ता परेशान

"जो भी समस्याएं आ रही हैं, उनका तत्परता से निदान कराया जाएगा। जिस क्षेत्र में जो भी दिक्कत आ रही है उसके लिए मौके का निरीक्षण किया जा रहा है। जल्द ही समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा।
-अविनाश पटेल, अधीक्षण अभियंता, द्वितीय

जगतपुर में रात में कटौती से सिंचाई हो रही प्रभावित

जगतपुर। भीषण गर्मी में आपात कटौती ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। ग्रामीणों के मुताबिक रात में दो से तीन बार डेढ़ से दो घंटे तक कटौती हो रही है। इससे लोगों की नींद प्रभावित है। चंद्रभान, सुखसागर, रमाकांत और अयोध्या प्रसाद ने बताया कि बिजली की आवाजाही के कारण रातभर खेतों में नलकूप चलने का इंतजार करना पड़ता है।

श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय) जोबनेर 303329, जिला जयपुर (राजस्थान),
फोन नं. 01425-284022 (डायरेक्ट) E-Mail ID : dean.sknrcoa@sknau.ac.in
क्रमांक :- एफ.( )/सीएल/ई बिड/श्रीकाकसुकाषि/2026/5086 दिनांक :- 06/08/2026
ई-बिड सूचना
पशुपालन, प्रायोगिक, कृषि एवं अन्य कार्य हेतु सभी श्रेणी के श्रमिक आपूर्ति की ई-बिड प्रपत्र वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है एवं sppp.rajasthan.gov.in and www.sknau.ac.in देखा जा सकता है। ई-बिड प्रपत्र शुल्क राशि 2000.00 धरोहर राशि 3.40 Lakhs (DD in favour of Dean, SKNCOA, Jobner) तथा RISL प्रोसेसिंग फीस राशि 2000.00 भरकर दिनांक 31.08.2026 समय सायं 05:00 बजे तक अपलोड करवाना एवं अधिष्ठाता कार्यालय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में जमा करवाना होगा एवं दिनांक 01.09.2026 को सुबह 11.30 बजे ई-बिड समिति द्वारा खोली जावेगी। UBN : SKN26275LOB00174
क्रा.संवाद/सी/26/9487 अधिष्ठाता

जिला खेल कार्यालय, एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम, अम्बेडकरनगर
पत्रांकः 142/खेलो० इण्डिया सेन्टर/2026-27 दिनांकः 13 अगस्त, 2026
भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनपद अम्बेडकरनगर में खेलो इण्डिया सेण्टर (एथलेटिक्स खेल) का संचालन किये जाने हेतु जिला खेल कार्यालय, अम्बेडकनगर में पात्र अभ्यर्थी का साक्षात्कार दिनांक 31 अगस्त, 2026 को सुबह 10:00 बजे से होगा। अभ्यर्थी अपना आवेदन दिनांक 28 अगस्त, 2026 को सांय 05:00 बजे तक कर सकते है। एथलेटिक्स प्रशिक्षक हेतु पात्रता निम्नवत है।
एथलेटिक्स खेल में ए०एफ०आइ० के तहत मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व/ए०एफ०आइ० द्वारा आयोजित सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप या खेलो इण्डिया गेम्स में पदक विजेता/ऑल इण्डिया यूनिवर्सिटी चैम्पियनशिप में पदक विजेता/ ए०एफ०आइ० द्वारा आयोजित सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप या खेलो इण्डिया गेम्स में राज्य का प्रतिनिधित्व किया हो। आवेदन के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष होगी। चयनित प्रशिक्षक को मासिक वेतन रूपये 25,000/- देय होगा।
(डा० मंजूर आलम अंसारी)
क्रीड़ाधिकारी,
जिला खेल कार्यालय, अम्बेडकरनगर

कार्यालय : नगर निगम, अयोध्या
पत्रांक : 1533/न.नि.अयो./2026-27 दिनांक : 12 अगस्त 2026
सम्पति कर एकमुश्त समाधान योजना (OTS) के संबंध में विज्ञापन ।
नगर निगम अयोध्या सीमान्तर्गत समस्त भवन स्वामियों / गृहकरदाताओं को सूचित किया जाता है कि 31 मार्च, 2026 तक सम्पत्ति कर की बकाया धनराशि के भुगतान के निस्तारण हेतु एकमुश्त समाधान योजना (OTS) संचालित की जा रही है, इस योजना के अन्तर्गत बकायेदारों को निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार सम्पत्ति कर का निस्तारण करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है।
अतः सभी सम्बन्धित भवन स्वामियों एवं करदाताओं से अनुरोध है कि वे एक मुश्त समाधान योजना (OTS) का लाभ प्राप्त करने हेतु निर्धारित समय सीमा दिनांक-15 अगस्त, 2026 से 14 नवम्बर, 2026 के भीतर आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन, नगर निगम अयोध्या की अधिकारिक वेबसाइट www.upulbots.in अथवा www.nagarnigamayodhya.in अथवा ऑफलाइन नगर निगम अयोध्या कार्यालय एवं जोनल कार्यालय यथा 1. नगर निगम अयोध्या कैन्ट, 2. नगर निगम अयोध्या-धाम, 3. नगर निगम कौशलपुरी पर प्रस्तुत करें। योजना के अन्तर्गत देय राशि का निर्धारण नगर निगम के नियम / शर्तों के अनुसार किया जायेगा।
कर निर्धारण अधिकारी, नगर निगम, अयोध्या । मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, नगर निगम, अयोध्या । अपर नगर आयुक्त नगर निगम, अयोध्या ।

हिन्दुस्तान भरोसा नए हिन्दुस्तान का
इस स्वंत्रता दिवस आपको किस चीज़ से
आज़ादी चाहिए?
अपनी बात कहें रील के जरिए और जीतें शानदार इनाम
दिए गए QR कोड को स्कैन करें
एक रील बना कर जवाब दें
रील अपलोड करें और दोस्तों के साथ शेयर करें
पाएं स्मार्टफोन व अन्य आकर्षक इनाम जीतने का मौका
#AazadHindustan

भाग लेने के लिए स्कैन करें
www.LiveHindustan.com | Livehindustan | Livehindustannews | Live.hindustan
नोटः दिखाई गई तस्वीरें केवल प्रतीकात्मक हैं।

फल विक्रेता और दो साथियों को पीटा

दबंगई

- दबंगों की पिटाई से हरदोई बाजार में मची भगदड़
- एक ने शारदा नहर में कूद कर बचाई जान

बछरावां, संवाददाता। थाना क्षेत्र के हरदोई गांव में अमरूद बेचने आए एक फल विक्रेता को जबरन वसूली न देने पर आधा दर्जन दबंगों ने उसे जमकर मारापीटा और जब उसके पहचान के लोग उसे बचाने पहुंचे तो उनकी भी लात, घूंसो , डंडों से पिटाई की गई। इससे पूरे बाजार में भगदड़ मच गई।

इस पर एक युवक ने शारदा नहर में कूदकर अपनी जान बचाई। मारपीट की घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। क्षेत्र के हरदोई गांव में साप्ताहिक बाजार होने के कारण सोथी महाराजगंज के रहने वाले अनिकेत (25) वर्ष पुत्र मनोज सोनकर अमरूद बेचने आए थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति उनके पास पहुंचा और जबरन सौ रुपए मांगने लगा। जब उन्होंने देने से मना किया तो उक्त युवक थोड़ी देर बाद अपने आधा दर्जन अन्य साथियों के साथ पहुंचकर अनिकेत को लात, घूंसो , डंडों से मारने लगा। अनिकेत को पिटता हुआ देख उसके दो अन्य जानने वाले साथी ऋषभ (22) पुत्र दिनेश निवासी बबुरिया हरचंदपुर व दीपू सोनकर पुत्र विक्रम सोनकर निवासी पुलिस लाइन चौराहा रायबरेली भी वहां पहुंचे। दबंगों ने इन तीनों लोगों को पीट-पीट कर लहूलुहान कर दिया। मारपीट की वारदात देखकर पूरे बाजार में भगदड़ मच गई। दीपू सोनकर ने शारदा नहर में कूदकर अपनी जान बचाई। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

शहर 30s

सिंहपुर में गुरुवार को पट्टी बांधकर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

काली पट्टी बांध कर किया प्रदर्शन

सिंहपुर। क्षेत्र के दैनिक वन कर्मियों ने आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती किए जाने के विरोध में गुरुवार को काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। दैनिक वन कर्मी संघ के अध्यक्ष विश्वनाथ यादव एवं महामंत्री सुरेश सिंह भदौरिया ने कहा कि 1995 से वन विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके बावजूद उनकी सेवा और भविष्य की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा रहा है। कोधाध्यक्ष कमला शंकर अवस्थी ने राज्य कर्मचारी का वेतनमान दिए जाने की मांग की।

शिविर में 42 मरीजों की हुई जांच

शिवगढ़। क्षेत्र की ग्राम पंचायत तौली के पुरानगंज में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक्स-रे कैंप का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान सत्यवती के अनुरोध पर लगाए गए कैंप का उद्देश्य ग्रामीणों को एक्स-रे जांच के लिए बाहर न जाना पड़े, रह रहा। कैंप में कुल 61 मरीजों का पंजीकरण किया गया, जिसमें 42 मरीजों का निःशुल्क एक्स-रे किया गया।

गिरीश नारायण को सम्मानित किया

हरचंदपुर। कस्बा में गुरुवार को भाजपा युवा मोर्चा लखनऊ महानगर के पूर्व अध्यक्ष व प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अमन सिंह चौहान ने दिवंगत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम अवतार द्विवेदी के पौत्र गिरीश नारायण द्विवेदी को शाल, पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष निखिल पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हर्षित सिंह तोमर, योगेश मोहन घिल्डियाल, नितिन सोनकर आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

ऊंचाहार। कोतवाली क्षेत्र के हटका मजरे उमरन निवासी बृजेश मिश्रा (24) लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर सड़क के किनारे खड़े चार पहिया वाहन से टकराकर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

छत से गिरकर युवक जख्मी

महाराजगंज। चंदापुर थाना क्षेत्र के मऊ गांव निवासी 40 वर्षीय मदन पासी पुत्र फकीरे बुधवार देर रात छत अचानक नीचे गिरने से घायल हो गए। परिजनों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

शौच के लिए गए किशोर की तालाब में डूबने से मौत

सलोन। कोतवाली क्षेत्र के धरई गांव में गुरुवार की सुबह शौच के लिए गए एक 15 वर्षीय किशोर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

क्षेत्र के धरई गांव के रहने वाले सोनू का 15 वर्षीय पुत्र सुधीर कुमार गांव के कमासिन तालाब के पास गुरुवार की सुबह लगभग छह बजे शौच के लिए गया था। इसी बीच अचानक तालाब में पैर फिसलने से किशोर पानी में डूब गया। इससे उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। परिजनों को जब इस घटना की जानकारी हुई तो इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।

घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल संदीप राय का कहना है कि किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

गंगा बढ़ी, डलमऊ के स्नान घाट डूबे

आफत

डलमऊ, संवाददाता। पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही झमाझम बारिश की वजह से गंगा नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार गंगा का जलस्तर फिलहाल एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। गुरुवार दोपहर तीन बजे डलमऊ में गंगा का जलस्तर 97.880 मीटर दर्ज किया गया।

यद्यपि जलस्तर ने अभी तक चेतावनी बिंदु को पार नहीं किया है, लेकिन यदि जलस्तर इसी रफ्तार से बढ़ता रहा तो यह जल्द ही 98.360 मीटर के खतरे के निशान के करीब पहुंच जाएगा। जलस्तर में इस वृद्धि के चलते कस्बे के प्रमुख स्नान घाट पूरी तरह से जलमग्न हो गए हैं। जिससे घाटों पर आने वाले श्रद्धालु जान जोखिम में डालकर स्नान करने को मजबूर हैं।

डलमऊ में गुरुवार को स्नान घाट डूब गए।

उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र-1
टेण्डर नोटिस सं. 84-EnHM-CAMC-HAHW-03-IQN, समाप्ति दिनांक 27.08.2026

क्र.सं.	विवरण	वर्तमान	इसे पढ़ा जाए
1.	टेण्डर टाइटल	कम्प्रिहेन्सिव एनुअल मेण्टेनेंस कान्ट्रेक्ट (सीएएमसी) ऑफ 03 नं., IQNET सिस्टम मेक HAHW सिस्टम्स इन्साटाल्ड नियर, ARP, BLG एवं BDKN स्टेशन ओर लखनऊ डिवीजन फॉर ए पीरियड ऑफ थ्री ईयर्स विथ ऑईएम/देयर आथराइज्ड डीलर ऑन सिंगल टेण्डर बेसिस।	कम्प्रिहेंसिव एनुअल मेण्टेनेंस कॉण्ट्रेक्ट (सीएएमसी) ऑफ 03 नं., IQNET सिस्टम मेक HAHW सिस्टम्स इंस्टाल्ड नियर, ARP, BLG एवं BDKN स्टेशन ओर लखनऊ डिवीजन फॉर ए पीरियड ऑफ थ्री ईयर्स।
2.	टेण्डर डिस्क्रिप्शन	कम्प्रिहेन्सिव एनुअल मेण्टेनेंस कान्ट्रेक्ट (सीएएमसी) ऑफ 03 नं., IQNET सिस्टम मेक HAHW सिस्टम्स इन्साटाल्ड नियर, ARP, BLG एवं BDKN स्टेशन ओर लखनऊ डिवीजन फॉर ए पीरियड ऑफ थ्री ईयर्स विथ ऑईएम/देयर आथराइज्ड डीलर ऑन सिंगल टेण्डर बेसिस।	कम्प्रिहेंसिव एनुअल मेण्टेनेंस कॉण्ट्रेक्ट (सीएएमसी) ऑफ 03 नं., IQNET सिस्टम मेक HAHW सिस्टम्स इंस्टाल्ड नियर, ARP, BLG एवं BDKN स्टेशन ओर लखनऊ डिवीजन फॉर ए पीरियड ऑफ थ्री ईयर्स।

2792/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़
निकट स्पोर्ट स्टेडियम, मीरा भवन,
ई-मेल-bsa.pbh@gmail.com
पत्रांक 468 / समग्र शिक्षा / अधि०/ /2026-27 दिनांक-12 अगस्त, 2026
प्रेस-विज्ञप्ति
जनपद के परिषदीय विद्यालयों के परिसर में अवस्थित आँगनबाड़ी / बालवाटिका केन्द्रों में आउट सोर्सिंग के माध्यम से संविदा के आधार पर चयनित 180 ई०सी०सी०ई० एजुकेटर के अभ्यर्थियों की सूची एन०आई०सी० प्रतापगढ़ के वेबसाइड https://pratapgarh.nic.in पर उपलब्ध है। एन०आई०सी० के अधिकृत पोर्टल से ई०सी०सी०ई० एजुकेटर का परिणाम देखा जा सकता है तथा चयनित ई०सी०सी०ई० एजुकेटर्स को विद्यालय आवंटन हेतु पृथक से सूचना एन०आई०सी० प्रतापगढ़ के वेबसाइट के माध्यम से दिया जायेगा।
(देवव्रत सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
प्रतापगढ़

सीवर के काम में लापरवाही न करें

रायबरेली। डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने नगर पालिका क्षेत्र में सुपर मार्केट समेत विभिन्न स्थानों पर कराए जा रहे सीवर लाइन योजना के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम ने सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य की प्रगति और कार्य की गुणवत्ता को देखा।

डीएम ने अलग-अलग स्थानों पर चल रहे कार्यों को देखा और अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था से कार्य की स्थिति के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने यह भी देखा कि मानकों के अनुरूप सीवर का कार्य किया जा रहा है अथवा नहीं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, रायबरेली
द्वितीय तल, 920-लोधवारी कोठी, डिग्री कॉलेज चौराहा, रायबरेली-229001
फोन: 8601804406, 8601800065 ईमेल: sarrae@bankofbaroda.com
चल एवं अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए बिक्री सूचना "अनुर्गत-IV-A [नियम 6(2) एवं 8(6) के प्रावधान देखें]
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) एवं 8(6) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना।
एतद्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित चल एवं अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभार युक्त सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में लिया गया है को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा "जो है जहाँ है, जो है जैसे है एवं जो कुछ भी है" के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी/जमानतकर्ता/प्रतिभूति आस्ति/देय/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है:-
ई-नीलामी की तिथि 08-09-2026 **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 07-09-2026 upto 2.00 PM**
धरोहर राशि (ईएमडी) का भुगतान ऑनलाइन एनईएफटी/ट्रांस्फर (चालान निष्पादन के बाद) (https://baanknet.com) के द्वारा बोलीदाताओं के ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में किया जायेगा।

क्र. सं.	ऋणियों/जमानतदारों का नाम एवं पता	सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो	कुल बकाया	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित धनराशि/अग्रिम धनराशि/बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जा की स्थिति (सांकेतिक/भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय
1	**ऋणकर्ताः- मेसर्स हिन्दुस्तान इण्टरप्राइजेज, प्रो० मो० वसीम पुत्र चुन्नू** निवासी 28/7, गोरा बाजार, जिला- रायबरेली-229001 **जमानतकर्ताः श्रीमती रूख्साना पत्नी मो० वसीम** निवासी 28/7, गोरा बाजार, जिला- रायबरेली- 229001	सामियक बंधक भूमि एवं भवन स्थित मकान सं. 15 (टिटिस्मा के अनुसार मकान सं. 14), छोटा घोसियाना, मलिकमऊ रोड, ग्राम, पोस्ट एवं जिला रायबरेली। **क्षेत्रफलः 164.76 वर्ग मी०। मालिकः रूख्साना पत्नी मो० वसीम। चौहद्दीः पूरबः** मकान अब्दुल वाहिद उर्फ लड्डन, **पश्चिमः** लाल का मकान, **उत्तरः** मलिकमऊ रोड, **दक्षिणः** मामा ट्रांसपोर्ट के मालिक का मकान।	**रू. 35,78,561.00 +** ब्याज एवं अन्य खर्च (मांग सूचना व कब्जा सूचना के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	08.09.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	रू. 44,44,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 4,44,400/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	भौतिक	14.08.2026 से 07.09.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM
2	**ऋणकर्ताः मेसर्स कन्हैया मुरमुरा प्लांट, प्रो. श्री सुख सागर पुत्र श्री कंधई** पताः ग्राम- दीनशाह गौरा, डलमऊ रोड, रायबरेली-229204 **जमानतकर्ताः श्री हजारी लाल पुत्र श्री कन्हैया लाल** निवासी ग्रामः दीनगंज जोतियामऊ, भीमगंज डलमऊ, रायबरेली-229207	सामियक बंधक प्लॉट सं. 1888, कुल क्षेत्रफल 1.027 हेक्टेयर, खरीदा क्षेत्रफल 0.2530 हेक्टेयर स्थित ग्राम गौरा हरदो, परगना एवं तहसील डलमऊ, जिला रायबरेली। **मालिकः श्री सुख सागर पुत्र श्री कन्हाई। चौहद्दीः पूर्वः** राजन का खेत; **पश्चिमः** 3.0 मी० चौड़ा झरहा चौराहा लिंक मार्ग; **उत्तरः** अर्जुन का खेत **दक्षिणः** विक्रेता का खेत।	**रू. 84,16,666.70 +** ब्याज एवं अन्य खर्च (मांग सूचना व कब्जा सूचना के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	08.09.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	रू. 24,99,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 2,49,900/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	14.08.2026 से 07.09.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM

नोटः सरफेसी अधिनियम के नियम 6(2) और 8(6) के तहत उप सांविधिक 15 दिनों की बिक्री सूचना हेतु सूचना।
बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखत लिंक का अवलोकन करें:- **www.bankofbaroda.in/ & Baanknet website: https://baanknet.com** तथा इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल नं0 **8601804406** से सम्पर्क करें।
SCAN HERE
नियम और शर्तें (केवल सांकेतिक कब्जे के लिए):- (क) जो संपत्ति प्रतीकात्मक कब्जे में है और बोलीदाता अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर प्रतीकात्मक कब्जे में संपत्ति खरीद रहा है। **(ख)** बैंक संपत्ति का कब्जा केवल प्रतीकात्मक रूप से सौंपेगा और सफल नीलामी बोलीदाता/खरीदार बैंक से भौतिक कब्जे का दावा नहीं करेगा। **(ग)** बैंक भौतिक कब्जा सौंपने के लिए जिम्मेदार या कर्तव्यबद्ध नहीं होगा। **(घ)** सफल नीलामी क्रेता पैसे की वापसी के किसी भी मामले में किसी भी ब्याज का दावा करने का हकदार नहीं होगा। **(ड)** सफल नीलामी क्रेता को ई-नीलामी के तुरंत बाद उपरोक्त नियमों और शर्तों की पुष्टि करते हुए घोषणा सह वचन पत्र जमा करना होगा। **(च)** बिक्री के बाद यदि सफल बोलीदाता घोषणा सह वचन पत्र जमा करने में विफल रहता है, तो बोली ईएमडी राशि जब्त कर ली जाएगी।
दिनांकः 14.08.2026, स्थानः रायबरेली प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

बाइक सवार तीन घायल

जगतपुर। थाना क्षेत्र के किशुनदासपुर गांव के पास कार व बुलेट में टक्कर हो गई। इससे आशीष पुत्र अशोक, अभय पुत्र अशोक कुमार, रुद्र पुत्र अशोक कुमार निवासी बसतेपुर कोतवाली रायबरेली घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। हालत नाजुक होने पर तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

'मामले की हो निष्पक्ष जांच'

ऊंचाहार। ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र के बीकरगढ़ निवासी 28 वर्षीय राजू यादव के आत्महत्या करने की सूचना मिलते ही कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने उसके घर पहुंचे। मृतक के परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने की बात कही।